**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 27.07.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. नशा मुक्त अभियान के तहत आज से डीसी एसपी कप अंतर–ग्राम वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा।
2. कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 30 जुलाई को 'कालापानी ट्रेल' हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा ।
3. सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात पुलिस शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ प्रवर्तन अभियान चला रहा है।
4. राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48–किलोग्राम भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीता।

**<><><><><><><>**

नशा मुक्त अभियान के तहत दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की ओर से दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक, खेल एवं युवा मामले निदेशालय, शिक्षा निदेशालय तथा 'माई भारत' के सहयोग से डीसी एसपी कप अंतर–ग्राम वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह चैम्पियनशिप आज से 8 अगस्त, तक फरारगंज पंचायत, श्री विजयपुरम, स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और लिटिल अंडमान में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों के लिए आयोजित होगा। द्वीपसमूह के इतिहास में पहली बार, नशा मुक्ति अभियान के तहत इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें कुल 31 टीमें भाग लेंगी। विजेता टीमों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**<><><><><><><>**

कला एवं संस्कृति विभाग, इंटैक अंडमान निकोबार चैप्टर के सहयोग से श्री विजयपुरम और इसके आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से 'हेरिटेज वॉक' का आयोजन करेगा। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। इसी क्रम में

'कालापानी ट्रेल' हेरिटेज वॉक का आयोजन 30 जुलाई, सुबह साढ़े पांच बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह हेरिटेज वॉक सभी के लिए खुली है। इच्छुक व्यक्ति भागीदारी के विवरण के लिए कला एवं संस्कृति विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने लोगों को सूचित करते हुए कहा कि वाई फ्यो और ए टुन नामक दो म्यांमारी नागरिक प्रातरापुर स्थित ओपन डिस्ट्रेस कैंप, से फरार हो गए हैं। दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। फरार व्यक्तियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आम जनता से उनसे संबंधित किसी भी जानकारी के लिए निकटतम पुलिस स्टेशन को सूचित करने को कहा है। सूचना देने वाले व्यक्ति को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने मासिक किराया न चुकाने के कारण विभिन्न नगरपालिका बाजारों की दुकाने सील कर दी है। इनमें लगभग 43 दुकाने शामिल हैं। नगरपालिका परिषद ने कहा कि दुकानों का आवंटन तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया है।

<><><><><><><>

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से कल फ्लैग प्वाइंट में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कवियों ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों के शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह विकास निगम लिमिटेड में हाल ही में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन राइट्स फॉर ऑल की अध्यक्षा रूबीना सिद्दीकी ने किया। इस कार्यक्रम में निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान, अध्यक्षा ने पॉश अधिनियम के

मुख्य प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कर्मचारियों के अधिकारों एवं जिम्मेदारियों और एक सुरक्षित, सम्मानजनक तथा समावेशी कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान प्रतिभागियों को पॉश प्रतिज्ञा दिलाई गई।

<><><><><><><>

हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए, अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ प्रवर्तन अभियान तेज कर दिया है। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, शराब पीकर वाहन चलाने से रोकना, लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने पर अंकुश लगाना तथा मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है। चालू वर्ष के दौरान, शराब के नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में कुल 754 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत शराब के नशे में वाहन चलाना एक गंभीर अपराध है। इसमें छह महीने तक के कारावास, या 10 हजार रूपये तक के जुर्माने, का प्रावधान है। शराब पीकर गाड़ी चलाते पाए जाने वाले चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारत की भारोत्तोलन क्वीन मीराबाई चानू ने ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने महिलाओं के 48 किलोग्राम भारोत्तोलन वर्ग में 190 किलोग्राम के रिकॉर्ड तोड़ भारोत्तोलन के साथ शानदार प्रदर्शन किया। 31 वर्षीय इस भारोत्तोलक ने स्नैच में 85 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 105 किलोग्राम भार उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के नए रिकॉर्ड बनाए। इस जीत के साथ ही उन्होंने 2018 और 2022 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय ने शिक्षा और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से कार्बाइंस कोव बीच पर ओपन पुरुष और महिला श्रेणियों में मानसून बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। इस टूर्नामेंट में कुल 39 टीमों ने भाग लिया। पुरुषों के बीच वॉलीबॉल के फाइनल में

'केएन ब्रदर्स' की टीम विजेता रही, जबकि महिलाओं के फाइनल में 'न्यू पहाड़गांव' की टीम ने चैंपियनशिप जीती। खेल एवं युवा मामले विभाग के सहायक निदेशक वी. रंजीत कुमार ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कीं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद, पर्यटन विभाग तथा कला एवं संस्कृति विभाग के समन्वय से कार्बाइंस कोव बीच पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या 'म्यूजिकल हारमनी बाय नाइट' का कल समापन हो गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देना, पर्यटकों के सांस्कृतिक अनुभव को समृद्ध बनाना और आकर्षक सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से पर्यटन को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

**द डेली टेलीग्राम्स** ने करगिल विजय दिवस के अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा द्रास में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने डिगलीपुर में एरियल बे–गांधी नगर और स्मिथ द्वीप को जोड़ने वाली चार्टर्ड फेरी सेवा के शुरू होने के समाचार को प्रमुखता से छापा है। इसके अलावा अखबार ने कारगिल विजय दिवस पर कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी जगह दी है। मायाबंदर के डॉ. आर.पी अस्पताल और टुगापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली बनाए जाने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने अपनी बड़ी खबर बनाई है, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने आवारा पशुओं के कारण सुभाषग्राम जिला परिषद सामुदायिक हॉल की दयनीय स्थिति के कारण लोगों को हो रही परेशानी के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>